## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई
## स्वतंत्रता दिवस समारोह - 2026

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी में 15 अगस्त 2026 को भारत का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गौरव एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए तिरंगे रंगों से सुसज्जित कलात्मक चित्रों से सजाया गया जो उनकी एकता, उल्लास एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को अभिव्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय वायु सेना, वायु सेना स्टेशन, तांबरम की स्क्वाड्रन लीडर तनिषा चौधरी के गरिमामय आगमन से हुआ। विद्यालय के बैंड द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया, जिसने इस अवसर की शोभा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ राज्य गीत 'तमिऴताई वाल्तु' तथा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' से हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी तथा इन प्रस्तुतियों ने हमें स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदानों की स्मृति दिलाई। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'त्रिभाषीय भाषण - स्वतंत्रता सेनानियों को नमन' ने हमें 'नव युग भारत' के आदर्शों को बनाए रखने के अपने कर्त्तव्य की याद दिलाई। कक्षा पाँचवीं एवं छठी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रभावशाली ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति 'वेलु नाचियार-वीरांगना रानी' ने नृत्य नाटक एवं कथावाचन के सुंदर समन्वय के माध्यम से महान स्वतंत्रता सेनानी वेलु नाचियार के साहस, नेतृत्व क्षमता तथा मातृभूमि के प्रति उनके अटूट प्रेम को जीवंत कर दिया। किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम में भारत की यात्रा को आकार देने वाले वीरों की भूमिकाएँ निभाईं तथा राष्ट्र के गौरवशाली प्रतीकों के महत्त्व से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सन ऑफ द सॉइल-कैप्टन मुकुंद' रहा, जिसे ड्रामा क्लब के सदस्यों

द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से मेजर मुकुंद वरदराजन के सर्वोच्च बलिदान एवं राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट सेवा को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कक्षा तीसरी एवं चौथी के विद्यार्थियों ने भारतीय ध्वज के विकास के विभिन्न चरणों की रोचक यात्रा से दर्शकों को परिचित कराया। कक्षा बारहवीं एवं डांस क्लब के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शानदार नृत्य 'भारत की प्रतिध्वनियाँ' मातृभूमि के प्रति एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि थी। विद्यार्थियों ने 'देशभक्ति गीतों की श्रृंखला-सामूहिक गान' के माध्यम से मातृभूमि के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों को अपने 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' की भावना को सदैव सर्वोपरि रखने तथा भारत को और अधिक सशक्त बनाने के प्रयासों पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि राष्ट्र की सच्ची सेवा कठिन परिश्रम, निष्ठा एवं अनुशासन से प्रारंभ होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या माननीया श्रीमती सुजाता एम. ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को डिजिटल दक्षता विकसित करने, रोजगार सृजक बनने तथा भविष्य के ज़िम्मेदार नागरिकों के रूप में सजग एवं विवेकपूर्ण नेतृत्व का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिभावकों ने भी इस बात पर प्रकाश डाला कि महिला सशक्तीकरण एवं स्टार्टअप्स के कारण देश ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह पूरा आयोजन हमें देश की आज़ादी के महत्व और शहीदों के बलिदान की प्रेरणा देता है।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

स्वतंत्रता दिवस समारोह - 2026







विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम